डॉ. शकुन्तलामिश्राराष्ट्रीय पुनर्वासविश्वविद्यालय, लखनऊ।
Dr. ShakuntalaMisra National Rehabilitation University, Lucknow.
उत्तरप्रदेशसरकार,
मोहानरोड, लखनऊ, उत्तरप्रदेश 226 017
वेबसाइटः http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक–717/पत्रा0सं0–1467/DSMNRU/2025–26 दिनांकः 11 जुलाई, 2025

## //कार्यालय आदेश//

सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय में वर्तमान विषम अधिसत्र एवं वर्तमान सत्र से अगले सत्र में अध्ययन हेतु विद्यार्थियों का सेमेस्टर/वार्षिक पंजीकरण **(जिस पर जो लागू हो)** समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जाना है जिसके क्रम में समस्त विद्यार्थी अपने समर्थ लॉगिन आई0डी0 से समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन मोड में अध्ययन शुल्क दिनांक 14.07.2025 से 27.07.2025 तक जमा कर अधिसत्र/सत्र में अध्ययन हेतु पेपर्स/कोर्स का चयन करते हुए समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

परास्नातक पाठ्यक्रम हेतु समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण एवं अध्ययन शुल्क को जमा किये जाने की प्रक्रिया सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण एवं अध्ययन शुल्क जमा किये जाने की प्रक्रिया सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/अधिष्ठाता के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में संचालित की जानी है, जिस हेतु सिस्टम एनालिस्ट विश्वविद्यालय द्वारा यथावश्यक तकनीकी सहायता प्रदान की जायेगी।

उक्त के क्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों को यदि किसी सहायता की आवश्यकता होती है तो परास्नातक स्तर के विद्यार्थी सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थी सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/अधिष्ठाता कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
02. समस्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
03. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक, विश्वविद्यालय।
04. सिस्टम एलालिस्ट को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समर्थ पोर्टल पर सेमेस्टर/वार्षिक पंजीकरण प्रक्रिया में यथावश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करना सुनिश्चित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
05. विश्वविद्यालय के समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।
06. गार्ड फाइल।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव